BAGHPAT POLICE

जनपद बागपत

दिनांक 10-11-2026

दीपावली पर शांति एवं सुरक्षा हेतु बागपत पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, 91 व्यक्ति गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक बागपत के निर्देशन में दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु बागपत पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। इस दौरान आपसी विवाद एवं अराजकता फैलाकर त्यौहार के अवसर पर शांति भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की गई। जिसके अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कुल 91 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

बागपत पुलिस द्वारा त्यौहार के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु निरन्तर सतर्क निगरानी एवं पुलिस गश्त की गई, जिससे जनपदवासी सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में हर्षोल्लास के साथ दीपावली पर्व मना सकें। जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु बागपत पुलिस पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

थाना	संख्या
कोतवाली बागपत	22
बिनौली	06
खेकडा	10
चांदीनगर	03
बड़ौत	24
दोघट	04
रमाला	15
छपरौली	07

baghpatpolice

BAGHPAT POLICE

थाना खेकडा

दिनांक 10-11-2026

थाना कोतवाली खेकडा पुलिस ने 01 जिलाबदर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।



जनपद में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा जिलाबदर होने के उपरान्त भी मा0 न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए जिलाबदर की अवधि में जनपद की सीमा के अन्दर पाये जाने पर 01 जिलाबदर अभियुक्त विश्वास पुत्र सुनील नि० तांगा स्टैण्ड पट्टी मुण्डाला कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

baghpatpolice

BAGHPAT POLICE

थाना बिनौली साइबर टीम , जनपद बागपत

नवम्बर - 2026

थाना बिनौली साइबर टीम, जनपद बागपत के द्वारा माह नवम्बर -2026 में आवेदक/पीडित से ऑनलाइन धोखाधडी की धनराशि कुल - ₹ 82,000 /- वापस कराये गये–



आवेदक/पीडित श्री अयान अली पुत्र आबिद हसन निवासी कस्बा व थाना बिनौली जनपद बागपत के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन ₹82,000/- की धोखाधडी कर ली थी, जिसके सम्बन्ध में आवेदक ने NCRP पोर्टल पर दर्ज करायी, जिसका (ACK. N0- 331112600318873) है, शिकायत प्राप्त होने पर थाना बिनौली साइबर टीम द्वारा शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित विधिक कार्यवाही की गयी। पीडित के बैंक खाते से आनलाइन धोखाधडी की सम्पूर्ण धनराशि ₹82,000/- को वापस कराया गया।

आवेदक/पीडित को रुपये वापस मिलने पर थाना बिनौली पुलिस की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया ।

क्र0सं0	नाम थाना	प्रा0पत्र सं0	वापस करायी गयी धनराशि
1	बिनौली	331112600318873	82,000/- रुपये

आवेदक/पीडित को रुपये वापस कराने वाली टीमः-

1-प्र0 नि0 श्री जितेन्द्र कुमार थाना बिनौली बागपत।

2-उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार थाना बिनौली बागपत।

3-है0का0 801 सावन कुमार थाना बिनौली बागपत।

4-म0का0 650 साधना थाना बिनौली बागपत।